हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, रविवार, 26 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 14.6 डिग्री

11 मेयर की अगुवाई में स्वच्छता अभियान शुरू



12 वॉलीबॉल में अंबर सदन ने बाजी मारी



## खबर संक्षेप

### आज सुबह दस से तीन बजे तक बिजली बाधित रहेगी

**सोनीपत।** बिजली निगम की ओर से रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक 11केवी सब्जी मंडी व कपड़ा मार्केट फीडर पर मरम्मत की जाएगी। उपमंडल अभियंता प्रदीप खोखर ने बताया कि शिव कॉलोनी, कपड़ा मार्केट, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हलवाई हट्टा, सुदामा नगर, धानक बस्ती, शिवाजी कॉलोनी में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

### मोबाइल हैक कर खाते से 7.39 लाख निकाले

**सोनीपत।** जिले में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला गांव नाथूपुर में सामने आया है। जहां पर बेयरिंग कंपनी के कर्मी का मोबाइल हैक कर साइबर ठगों ने 7.39 लाख रुपये उड़ा लिये। दिल्ली के नरेला स्थित गांव बांकनेर निवासी प्रवीण कुमार ने पुलिस को बताया कि वह नाथूपुर स्थित बेयरिंग प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत हैं। 23 अक्टूबर को उनका मोबाइल हैक कर लिया गया। इसके कुछ ही मिनटों बाद उनके बैंक खाते से पांच लाख रुपये निकालने का मैसेज आया। थोड़ी देर बाद 65 हजार और 40 हजार रुपए क्रेडिट होने का संदेश मिला, जो कि किसी फर्जी लोन ट्रांजेक्शन से जुड़े थे। इसके बाद उनके खाते से 1.77 लाख रुपये और 62 हजार रुपये निकालने के मैसेज आए। इस तरह उनके खाते से 7.39 लाख रुपये की ठगी हो गई। राशि फर्जी वेबसाइट और जाली दस्तावेजों से खोले गए खातों में ट्रांसफर की गई।

### सड़क हादसे में सेल्समैन की मौत

**सोनीपत।** महलाना रोड पर दो बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक वाहन कंपनी में सेल्समैन के तौर पर कार्यरत था। जानकारी अनुसार गांव भठगांव के रहने वाले अक्षय दिल्ली के नरेला स्थित मारुति सुजुकी कंपनी में सेल्समैन के पद पर कार्यरत था। अक्षय रात करीब 11 बजे बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान दहिया फार्म हाउस के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में अक्षय गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने अक्षय के स्वजन और पुलिस को सूचना दी। जब स्वजन मौके पर पहुंचे, तब तक पुलिस अक्षय को नागरिक अस्पताल ले जा चुकी थी। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अक्षय के पिता ने पुलिस को शिकायत दी है कि हादसा दूसरी बाइक सवार की लापरवाही के कारण हुआ है। फिलहाल थाना सदर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सोनीपत अनाज मंडी में धान खरीद ठप, किसानों ने प्रदर्शन कर धरना दिया

# बीकेयू का ऐलान- आज से खरीद शुरू नहीं हुई तो जिला मुख्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले की नई अनाज मंडी में पीआर धान की खरीद बंद होने से नाराज किसानों ने शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (एकता सिद्धूपुर) के बैनर तले मार्केट कमेटी गेट पर धरना दिया। करीब तीन घंटे चले इस धरने के बाद हाफेड अधिकारियों और किसान नेताओं के बीच बैठक हुई, जिसमें अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि रविवार से मंडी में खरीद सुचारू रूप से शुरू कराई जाएगी। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि रविवार को खरीद नहीं हुई तो वे जिला मुख्यालय का घेराव करेंगे। किसान नेताओं ने बताया कि 13 अक्टूबर को जिन किसानों की ढेरियों के गेट पास कटे थे, आज तक न तो उनकी फसल खरीदी गई और न ही रजिस्टर में खरीद न होने का कारण दर्ज किया गया। इससे अधिकारियों की नीयत पर सवाल खड़े होते हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि सरकारी खरीद नीति सिर्फ कागजों तक सीमित है जबकि मंडियों में किसान परेशान हैं। धरने के दौरान प्रशासन की ओर से पहुंचे अधिकारियों ने किसानों की शिकायतों को सुना और मिलर्स से बातचीत कर जल्द समाधान का भरोसा दिया। अधिकारियों ने कहा कि रविवार से खरीद पूरी पारदर्शिता के साथ शुरू कर दी जाएगी।




### किसान नेताओं का आरोप : मिलर्स 'कोर्ड वर्ड' के जरिए किसानों को लूटने की साजिश रच रहे

किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि सरकार द्वारा एमएसपी पर फसलों की खरीद के दावे पूरी तरह से खोखले साबित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मंडी में मिलर किसानों को "कोड वर्ड" के जरिए लूटने की साजिश रच रहे हैं। कोहाड़ ने बताया कि पिछले 4-5 दिन तक कोई मिलर मंडी में नहीं आया। जब किसानों ने विरोध शुरू किया, तब एक मिलर मंडी में पहुंचा लेकिन उसने किसानों के गेट पास पर "ए, बी, सी, डी, ई" जैसे कोड लिखकर 5 से 15 किलो प्रति क्विंटल तक कट लगाने की बात कही, जिसका किसानों ने कड़ा विरोध किया।

### बड़ा प्रदर्शन करने की तैयारी में किसान

धरने में संगठन के जिला अध्यक्ष अजित दहिया, सुनील जटराणा, पप्पू सरोहा, कृष्ण तुर्कपुर, शक्ति सिसाना, राज सिंह हलालपुर, बुधराम कोहाड़ सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसान नेताओं ने स्पष्ट कहा कि यदि प्रशासन ने वादे के अनुसार कल तक खरीद नहीं कराई तो वे जिला मुख्यालय पर बड़ा प्रदर्शन करेंगे।

### सेक्टर-7 के पास रोने की आवाज सुनकर मनोज ने दिखाई इंसानियत

# झाड़ियों में मिला नवजात चाय विक्रेता ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर के सेक्टर-7 क्षेत्र में शनिवार सुबह इंसानियत को झकझोर देने वाला मामला सामने आया, जहां झाड़ियों में एक नवजात बच्चा रोता हुआ मिला। बच्चे की आवाज सुनकर पास में चाय बेचने वाले बुजुर्ग मनोज ने तुरंत मौके पर पहुंचकर उसे गोद में उठाया और उसकी जान बचाई। मनोज ने तुरंत अपने दामाद अमरजीत को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। जानकारी के अनुसार, मनोज उत्तर प्रदेश के गढ़मुक्तेश्वर के रहने वाले हैं और सेक्टर-7 के पास चाय की दुकान चलाते हैं। शनिवार सुबह वह दुकान पर काम कर रहे थे, तभी झाड़ियों की ओर से बच्चे के रोने की आवाज आई। जब उन्होंने जाकर देखा तो वहां एक नवजात बच्चा चादर में लिपटा पड़ा था। उन्होंने बच्चे को संभालते हुए तुरंत अपने दामाद अमरजीत को बुलाया। अमरजीत मौके पर पहुंचा और आसपास के लोगों को इकट्ठा कर थाना सेक्टर-27 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बच्चे को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बच्चे की हालत स्थिर बनी हुई है।

#### पूछताछ की, लेकिन नहीं हुई पहचान

पुलिस ने आसपास के इलाके में पूछताछ की, लेकिन बच्चे की पहचान नहीं हो पाई है। थाना सेक्टर-27 पुलिस ने अमरजीत की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और बच्चे के माता-पिता की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने मनोज और अमरजीत के मानवीय कदम की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सूझबूझ और तत्परता से एक मासूम की जान बच गई। फिलहाल पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

#### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

बच्चे के माता-पिता की तलाश की जा रही है। आसपास के थानों को भी बच्चे की फोटो और पहचान संबंधित जानकारी भेजी गई है। आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। जल्द ही माता-पिता का पता लगा लिया जाएगा।
-**कुलदीप**, कार्यकारी प्रभारी, थाना सेक्टर-27

16 वर्षीय किशोर की आत्महत्या मामला

## परिजनों का अंतिम संस्कार से इनकार पुलिस ने समझाने पर माना परिवार

**गन्नौर।** दातौली गांव में साथियों की मारपीट से आहत होकर फांसी लगाने वाले 16 वर्षीय किशोर उत्तम गिरी के स्वजनों ने रविवार सुबह अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। स्वजन आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। सूचना मिलने पर एसीपी ऋषिकांत और बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार पुलिस दल सहित मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्वजनों को भरोसा दिलाया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और जांच में यदि किसी भी व्यक्ति की संलिप्तता पाई जाती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद स्वजन शांत हुए और दोपहर करीब 12 बजकर 30 मिनट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। गौरतलब है कि गांव दातौली निवासी सुभाष गिरी के बेटे उत्तम गिरी का शव घर के पास ही पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला था। सुभाष गिरी का आरोप है कि गांव के कुछ युवकों की पिटाई से दुखी होकर उसके बेटे ने फांसी लगा ली थी। पुलिस ने इस मामले में जांच कर रही है। उत्तम गिरी के शव को पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को ही स्वजनों को सौंप दिया गया था।

### नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** क्षेत्र में चिनाई मिस्त्री ने एक नाबालिग लड़की को बहाने से अपने पास बुलाया और कमरे में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। लड़की उसके चुंगल से निकलकर घर पहुंची और स्वजन को बताया। पुलिस ने केस दर्ज करके आरोपित उत्तरप्रदेश में शामली के गांव हथछोवा के शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया।एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि गुरुवार को शाहरुख उनके साथ वाले प्लाट में चिनाई कर रहा था। उसने उसकी नाबालिग लड़की को बहलाकर अपने पास बुलाया और कमरे में ले जाकर गलत काम करने की कोशिश की। पुलिस ने केस दर्ज करके नाबालिग लड़की के मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराए और महिला विशेषज्ञ से काउंसलिंग करवाई।

**छठ के लिए सज गए बाजार**



**सोनीपत।** छठ महापर्व को लेकर जिले के प्रवासियों में उत्साह रहा। जगह-जगह बाजार सज गए।

## आर्मी में नौकरी और शेयर मार्केट में मुनाफे का लालच देकर दो करोड़ रुपये ठगे

**गन्नौर।** आर्मी में नौकरी दिलाने और शेयर मार्केट में बड़े मुनाफे का वादा कर ठगी करने का एक मामला सामने आया है। पांची जाटान के किसान पवन ने आरोप लगाया है कि भठगांव निवासी सुनील, उसकी पत्नी ज्योति, पिता कृष्ण और माता राजपति ने मिलकर फर्जी दस्तावेज बनवाकर तथा नौकरी का झांसा दे कर करीब दो करोड़ रुपये हड़प लिये। पवन ने इस संबंध में थाना गन्नौर में शिकायत दी है। शिकायत में पवन ने बताया कि उसने सितंबर 2024 में अपनी जमीन बेचकर निवेश और नया कारोबार शुरू करने की तैयारी की थी। इसी दौरान भठगांव निवासी सुनील से उसकी पहचान हुई। सुनील ने खुद को सेना में पदस्थ बताकर उसे आर्मी में नौकरी दिलवाने का भरोसा दिया और इसके लिए दस्तावेज बनवाने व अन्य खर्च बताकर पहली 9 लाख रुपये लिए। इसके बाद सुनील के बार-बार कहने पर उसने अलग-अलग बार में करीब दो करोड़ रुपये उसे सौंप दिए।

#### पैसे देने से इनकार

जब पवन ने पैसे वापस मांगे तो आरोपित सुनील व उसके परिवार ने पैसे लौटाने से मना कर दिया। आरोप है कि आरोपित सुनील ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपित सुनील, उसकी पत्नी ज्योति, पिता कृष्ण और माता राजपति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्राइवेट फाइनेंस बैंक में आग लगी, दस्तावेज व सामान जला

**गोहाना।** शनिवार सुबह गोहाना में आंबेडकर चौक के निकट प्राइवेट फाइनेंस बैंक में आग लग गई। आगजनी की इस घटना में बैंक के अंदर रखे दस्तावेज, फर्नीचर, कम्प्यूटर व अन्य सामान जल गया, जिससे लाखों का नुकसान हो गया। सूचना देने पर दमकल विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। आंबेडकर चौक के निकट एक दो मंजिला भवन में दो प्राइवेट बैंक चल रहे हैं। भूतल पर आइआइएफएल फाइनेंस कंपनी का कार्यालय है। पहली मंजिल पर एयू स्माल फाइनेंस बैंक है।

#### दमकल विभाग ने डेढ़ घंटे में काबू पाया



शनिवार सुबह लगभग आठ बजे पड़ोसी दुकानदार पहुंचे तो एयू स्माल फाइनेंस बैंक के यहां से धुआं निकालता नजर आया। इस पर बैंक के कर्मी अमित सुरा को सूचना दी। दूसरी तरफ दमकल विभाग के केंद्र और पुलिस को सूचना दी गई। कुछ ही देर बाद पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। दमकल विभाग की टीम सीढ़ियों के रास्ते से ऊपर गई और शीशे तोड़े गए। फायरब्रिगेड की मदद से लगभग डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। सुरा ने बताया कि बैंक के अंदर का पूरा फर्नीचर, दस्तावेज, कम्प्यूटर, एसी व अन्य सामान जल गया। अमित ने बताया कि शार्ट-सर्किट के चलते आग लगी है।

## जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर शिक्षक करेंगे प्रदर्शन

**सोनीपत।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला कार्यकारिणी ने बताया कि अध्यापकों की मांगों को लेकर संघ विरोध प्रदर्शन करेगा। जिला प्रधान नरेंद्र चहल, जिला सचिव दिनेश छिक्कारा, राज्य सचिव जोगिंदर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष रोहताश गंगाना ने बताया जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर अध्यापकों के लंबे समय से एसीपी, 10+2 में 50% से कम अंक वाले एसीपी लगवाने मेडिकल बिलों के भुगतान, पिछले सत्र की बकाया एलटीसी भुगतान, कंफर्मेशन, बिजली बिलों का बजट, अनेक कार्य लंबित हैं, जिससे अध्यापक वर्ग में भारी रोष है।



#### अनदेखी का आरोप

बार-बार अधिकारियों को अवगत कराने के उपरांत भी समस्याएं ज्यों की त्यों बनी हुई है, इसलिए अध्यापक संघ ने फैसला किया है कि 30 अक्टूबर को शाम तीन से पांच बजे तक जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय सोनीपत पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा इसके साथ ही ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### एनएच-44 पर शुरू होगा फ्लाईओवर मरम्मत कार्य, कई दिनों तक रहेगी एक दिशा की लेन बंद

# बहालगढ़, मुरथल व गन्नौर फ्लाईओवर पर चरणबद्ध तरीके से होंगे सुधार कार्य, पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

दिल्ली-अंबाला राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) पर यात्रा करने वाले वाहन चालकों को आने वाले दिनों में असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने बहालगढ़, मुरथल और गन्नौर फ्लाईओवरों पर गड्ढों की मरम्मत और सड़क सतह के सुधार कार्य को लेकर ट्रैफिक डायवर्जन योजना तैयार की है। मरम्मत कार्य के दौरान फ्लाईओवर की एक दिशा की लेन को अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा और वाहनों को सर्विस रोड (संपर्क मार्ग) से निकाला जाएगा। एनएचएआई ने यह जिम्मेदारी मेसर्स नेक्स्ट इंफ्रा एमसीपी हाईवेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को सौंपी है, जो चरणबद्ध तरीके से यह कार्य करेगी। विभाग का कहना है कि प्रयास रहेगा कि यातायात पर न्यूनतम प्रभाव पड़े और काम तेजी से पूरा हो। मरम्मत कार्य के दौरान पुलिस की तैनाती, सुरक्षा संकेतक और डायवर्जन बोर्ड लगाए जाएंगे ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। एनएचएआई अधिकारियों के अनुसार, यह कार्य लंबे समय से आवश्यक था, क्योंकि बारिश और लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से इन फ्लाईओवरों पर जगह-जगह गड्ढे बन गए थे। मरम्मत के बाद सड़क की गुणवत्ता में सुधार होगा और यातायात अधिक सुरक्षित और सुगम बन सकेगा।

> ***मरम्मत कार्य के दौरान पुलिस की तैनाती, सुरक्षा संकेतक और डायवर्जन बोर्ड लगाए जाएंगे***



#### मरम्मत कार्य का ये रहेगा शेड्यूल

- बहालगढ़ फ्लाईओवर : 25 अक्तूबर शाम 7 बजे से 26 अक्तूबर सुबह 8 बजे तक (दाहिनी लेन बंद)
- मुरथल फ्लाईओवर : प्रथम चरण : 27 अक्तूबर शाम 7 बजे से 28 अक्तूबर सुबह 8 बजे तक (बाईं लेन बंद)
- मुरथल फ्लाईओवर : दूसरा चरण : 5 नवंबर शाम 7 बजे से 6 नवंबर सुबह 8 बजे तक (दाहिनी लेन बंद)
- गन्नौर फ्लाईओवर : पहला चरण : 7 नवंबर शाम 7 बजे से 8 नवंबर सुबह 8 बजे तक (बाईं लेन बंद)
- गन्नौर फ्लाईओवर : दूसरा चरण : 9 नवंबर शाम 7 बजे से 10 नवंबर सुबह 8 बजे तक (दाहिनी लेन बंद)

#### यातायात नियंत्रण के लिए विशेष इंतजाम

पुलिस प्रवक्ता रविंद्र सिंह ने बताया कि सभी संबंधित स्थानों पर यातायात नियंत्रण के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। वाहनों की आवाजाही को सुचारू बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे और मार्गदर्शन के लिए संकेतक बोर्ड लगाए जाएंगे। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे धैर्य बनाए रखें और एनएचएआई द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

#### रात के समय होगा अधिकतर कार्य

विभाग ने बताया कि ट्रैफिक पर न्यूनतम असर के लिए अधिकतर कार्य रात्रि के समय किया जाएगा। इस दौरान एक दिशा की लेन पर यातायात रोका जाएगा, जबकि दूसरी दिशा में वाहन सीमित गति से गुजर सकेंगे। दिन के समय सभी लेन खुली रहेंगी ताकि लोगों की यात्रा में कोई बड़ी बाधा न आए। एनएचएआई के अधिकारियों का कहना है कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो सभी मरम्मत कार्य तय समयसीमा में पूरे कर लिए जाएंगे। कार्य पूरा होने के बाद फ्लाईओवरों को मजबूती मिलेगी।

सड़क की सुरक्षा और सुगम यातायात के लिए मरम्मत कार्य जरूरी है। विभाग का प्रयास रहेगा कि कार्य निर्धारित समय में पूरा कर लिया जाए, ताकि यात्रियों को ज्यादा परेशानी न हो।
- **जगभूषण शर्मा**, परियोजना निदेशक, एनएचएआई

### एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा रवि घणघस

**गोहाना।** बहरीन में चल रहे यूथ एशियन गेम्स में बुटाना गांव स्थित जनता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का विद्यार्थी रवि घणघस गोला फैंकने की प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। रवि घणघस जिला जींद के गांव भंभेवा का निवासी है।



जनता शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष अजीत सांगवान और सचिव रामनिवास सांगवान ने रवि को शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्राचार्य मनोज सांगवान ने बताया कि बहरीन में 21 अक्तूबर से यूथ एशियन गेम्स: 2025 चल रहे हैं जो 30 अक्तूबर तक आयोजित होंगे। रवि घणघस इन खेलों में 26 अक्तूबर को गोला फैंकने की प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। रवि के पिता जगबीर सिंह घणघस कबड्डी कोच व मां गृहिणी हैं। रवि ने गोला फैंकने का प्रारंभिक प्रशिक्षण अपने पिता के पास गांव लुदाना में महारानी लक्ष्मीबाई कन्या खेल अकादमी में प्राप्त किया।



## खबर संक्षेप

### पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए कोमल का चयन

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज की पावर लिफ्टर कोमल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जौहर दिखायेगी। कोमल का चयन भूटान में दिसंबर माह में होने वाली वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने बधाई देते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में सफल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं भी दी।

बीए अंतिम वर्ष की छात्रा कोमल ने अपना वजन कम करने के लिए करीब एक वर्ष पूर्व जिम जाना शुरू किया, तब उनका वजन 85 किलोग्राम था। जिम में कोमल की लगन व मेहनत को देखते हुए उनमें विद्यमान काबिलियत को कोच जयप्रकाश ने पहचाना।

### गर्वित का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

**सोनीपत।** साउथ पॉइंट स्कूल के छात्र गर्वित (कक्षा 5वीं, मैरीगोल्ड) ने जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरी सफलता हासिल की। प्रतियोगिता गोहाना में आरएसएफआई की ओर से आयोजित की गई थी। जिसमें गर्वित ने 500 मीटर और 1000 मीटर क्वाड रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनके इस प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राज्य स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए किया गया है। संस्थान के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने गर्वित का गर्मजोशी से स्वागत किया और अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में प्रतिभागिता करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गर्वित ने विद्यालय का नाम रोशन किया है।

### पूर्व सीएम का ऑनलाइन ट्रांसफर ड्रीम प्रोजेक्ट विफल

**खरखौदा।** प्राइमरी अध्यापक वेलफेयर एसो के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र दहिया ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्य-मन्त्री मनोहर लाल का ड्रीम प्रोजेक्ट ऑनलाइन ट्रांसफर ड्राइव केवल सपना बनकर रह गया है। सरकार ने इसको हर वर्ष चलाने का सपना जिस जोश के साथ शुरू करने का वायदा हरियाणा के एक लाख शिक्षकों को दिखाया गया था। पूरा करने में सरकार नाकाम साबित हो रही है। शिक्षकों में सरकार की तबादला नीति से एक आस जगी थी कि अब हरियाणा में सिफारिश व खर्ची पर्ची के बल पर मन पसंद स्टेशन लेने का खेल खत्म हो जाएगा। परन्तु ये सपना नौ वर्षों से केवल सपना ही रह गया है। प्रदेश महासचिव ज्योति ने कहा कि ड्राइव न चलने से सबसे ज्यादा महिला शिक्षिकाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

*खंड शिक्षा अधिकारियों ने किया निरीक्षण*

# निष्पक्ष परीक्षा देने के लिए विद्यार्थियों को किया प्रेरित

## *राजकीय स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षाओं का दूसरा दिन शांतिपूर्वक संपन्न*

**अर्धवार्षिक परीक्षाओं का दूसरा दिन शांतिपूर्वक संपन्न**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के दिशा-निर्देशों के तहत जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में शनिवार को अर्धवार्षिक परीक्षाओं का दूसरा दिन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। कक्षा चौथी से 12वीं तक के कुल 85,315 विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए। सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित परीक्षाओं के दौरान सभी विद्यालयों में नकल रहित माहौल बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी की गई। खंड शिक्षा अधिकारियों ने अपने-अपने ब्लॉकों के विद्यालयों का दौरा कर परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने विद्यालय प्राचार्यों को नकल रोकथाम के लिए सख्त निर्देश दिए और विद्यार्थियों को निष्पक्ष परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया।

**सभी अधिकारियों को निर्देश**

अर्धवार्षिक परीक्षाओं को लेकर विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से पहले ही शेड्यूल जारी कर दिया गया था। जिलास्तर पर प्रश्न पत्र प्रिंट करवाकर खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से सभी विद्यालयों में समय पर पहुंचाए गए। परीक्षाओं के बेहतर व नकल रहित संचालन के लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। सभी विद्यार्थी परीक्षा को गंभीरता से लें, ताकि उनके शैक्षणिक स्तर का सही मूल्यांकन किया जा सकेगा। *नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत*

**परीक्षाएं आयोजित की**

शनिवार को निदेशालय द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार कक्षा चौथी व पांचवीं के विद्यार्थियों की हिंदी, कक्षा छठी की गणित, सातवीं की ड्राइंग, आठवीं की विज्ञान, नौवी की अंग्रेजी, 10वीं की संस्कृत, पंजाबी, उर्दू और संगीत विषय की परीक्षाएं ली गईं। इसी तरह 11वीं की समाजशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन, रसायन विज्ञान तथा 12वीं की गणित, जीव विज्ञान और राजनीति विज्ञान की परीक्षाएं आयोजित की गईं।

**6 तक चलेगी 11वीं व 12वीं की परीक्षाएं**

शिक्षा विभाग के अनुसार, कक्षा चौथी व पांचवीं की परीक्षाएं 28 अक्तूबर तक, छठी से 10वीं की 31 अक्तूबर तक और 11वीं व 12वीं की परीक्षाएं 6 नवंबर तक जारी रहेंगी। परीक्षा समाप्त होने के बाद नियमित रूप से कक्षाएं प्रारंभ कर दी जाएंगी। विभाग ने बताया कि सभी विद्यालयों में परीक्षा व्यवस्था और प्रश्नपत्रों की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई हैं।

**ऑन द स्पॉट एडमिशन प्रारंभ**

**सोनीपत।** जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में छह चरणों की प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी कई सीटें खाली रह गई हैं। अब उन छात्रों के लिए एक और अवसर उपलब्ध कराया गया है जो अब तक दाखिले से वंचित रह गए थे। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय ने विद्यार्थियों की सुविधा को देखते हुए 27 अक्तूबर से ऑन द स्पॉट एडमिशन की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। छात्र 27 अक्तूबर से ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर 28 अक्तूबर से 5 नवंबर तक संस्थान में प्रवेश ले सकेंगे। राठधना रोड स्थित राजकीय आईटीआई संस्थान में इस समय 308 सीटें रिक्त हैं। इस संस्थान में कुल 31 ट्रेड में 1044 सीटें निर्धारित की गई थीं, जिनमें से छह चरणों की प्रक्रिया के बाद केवल 736 सीटें ही भरी जा सकी हैं। अब शेष सीटों को भरने के लिए संस्थान ने पूरी तैयारी कर ली है। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही मान्य होंगे, बिना आवेदन दाखिला लेने वाले छात्रों का प्रवेश रद्द माना जाएगा। बनाया है हेल्प डेस्क संस्थान प्रबंधन ने बताया कि छात्रों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए एक विशेष हेल्प डेस्क भी तैयार की गई है।

# 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में छात्रा नितिका दौड़ी सबसे तेज

*बिचपड़ी के रावमावि में खंड मुंडलाना की खेल प्रतियोगिताएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव बिचपड़ी स्थित राजकीय वममवि में आयोजित शैक्षणिक खंड मुंडलाना की दो दिवसीय खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं शनिवार को सम्पन्न हो गई। अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार पंघाल ने की। संयोजन मेजबान विद्यालय के प्राचार्य धर्मपाल दहिया का रहा। खेलों में खंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।



**गोहाना।** विजेता खिलाड़ी प्रसन्नचित मुद्रा में शिक्षकों के साथ। *फोटो :हरिभूमि*

**ये रहे विजेता**

खेलों में 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला की छात्रा नितिका प्रथम रही जबकि दून पब्लिक स्कूल मुंडलाना की तनवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में हैरिटेज इंटरनेशनल स्कूल गंगाना की छात्रा आरोही अव्वल रही। आदर्श माध्यमिक स्कूल मुंडलाना की छात्रा याचना ने द्वितीय स्थान हासिल किया। अंडर-11 आयु वर्ग की लड़कियों कबड्डी प्रतियोगिता में जनता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुटाना की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि राजकीय प्राथमिक पाठशाला जागसी की टीम द्वितीय स्थान पर रही। अंडर-11 आयु वर्ग की लड़कियों की खो-खो प्रतियोगिता में जनता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुटाना की टीम ने प्रथम और राजकीय प्राथमिक पाठशाला ईशापुर खेड़ी की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया।




**खरखौदा।** खिलाड़ियों का स्वागत करते प्राचार्या व प्राथमिक प्रभारी। *फोटो :हरिभूमि*

### खो-खो टीमें जिला स्तर के लिए चयनित

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ की अंडर-11 (लड़के व लड़कियों) खो-खो टीमों ने 24 व 25 अक्टूबर शुक्रवार और शनिवार को खंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस शानदार उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। इस प्रतियोगिता में दक्ष सुपुत्र मनोज ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लंबी कूद में प्रथम स्थान हासिल किया तथा खुशी सुपुत्री कृष्ण ने 100 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया और इन सभी विद्यार्थियो का चयन जिला स्तर के लिए हुआ। टीम की इस सफलता का श्रेय खेल प्रशिक्षक तरुण को जाता है, जिन्होंने अपने मार्गदर्शन, मेहनत और लगन से विद्यार्थियों को सफलता की राह दिखाई।

### क्लास एक्टिविटी में छात्रों ने खेली गेम्स

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत (एस-7) में शनिवार को पीपी 2 और पीपी 3 कक्षाओं के लिए गेम्स से सम्बंधित एक क्लास एक्टिविटी आयोजित की गई। इस गतिविधि का उद्देश्य छात्रों में टीम भावना, सहयोग, आत्मविश्वास, अनुशासन और शारीरिक विकास को बढ़ावा देना था। छात्रों ने विभिन्न रोचक खेलों में भाग लिया, जैसे फन गेम्स, बॉल गेम, मैथ्स गेम्स, एजुकेशनल गेम्स और कंप्यूटर गेम्स आदि। सभी छात्रों ने बहुत उत्साह और खुशी के साथ भाग लिया और एक-दूसरे को प्रोत्साहित किया। शिक्षकों ने छात्रों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें ईमानदारी, खेल भावना और मिलजुलकर खेलने के महत्व के बारे में बताया। यह एक्टिविटी छात्रों के लिए एक सीखने और आनंद लेने का सुंदर अनुभव रही।

# अभियान चलाकर उठाए कूड़े के ढेर

*मेयर की अगुवाई में शुरू किया अभियान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

स्वच्छता अभियान के तहत ड्रेन नंबर 6 के ऊपर मुरथल रोड, आदर्श नगर तथा बस स्टैंड के निकट पड़े कूड़े को उठवाया। इन स्थानों पर प्राइवेट सफाई कर्मी तथा आसपास के दुकानदारों ने कूड़े के ढेर लगा रखे थे। कूड़ा बहकर ड्रेन 6 नंबर में जा रहा था। मेयर राजीव जैन के नेतृत्व में प्रत्येक शनिवार स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर सोनीपत संकल्प के साथ चलाए जा रहे अभियान एक सिरे से सफाई करवाई जाती है। राजीव जैन ने बताया कि स्वच्छता को ध्यान में रखते मुख्य मार्गों पर सफाई मित्रों की भी ड्यूटी लगाई है।



**सोनीपत।** सफाई अभियान के दौरान कूड़ा उठवाते मेयर राजीव जैन। *फोटो :हरिभूमि*

**सुंदर चित्रकारी करवाई**

सफाई के काम की लगातार निगरानी करते हैं। राजीव जैन ने बताया कि स्वच्छता के साथ साथ शहर को सुंदर बनाने के लिए शनि मंदिर के साथ कूड़ा डालना बंद करवाकर सुंदर चारदीवारी का निर्माण करने के बाद चित्रकारी करवाई गई है और इसी तरह सिक्का कॉलोनी के पास मैन रोड पर कूड़ा डालना बंद करवाया है और वंहा पर भी सुंदर स्थान बनवाया जायेगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली रोड तथा बावा तराना सिनेमा रोड पर ड्रेन नंबर 6 के जर्जर हो चुके पुलों की ग्रिल को भी नए सिरे से लगाया जायेगा।राजीव जैन ने कहा कि ड्रेन नंबर 6 के मुरथल रोड, सिक्का कॉलोनी, आई टी आई चौक तथा आदर्श नगर सिथत पुलों के पास अधूरा पड़ा कार्य भी जल्द पूरा करवाया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को बंद ड्रेन की सफाई भी कैसे हो इसके उपायों पर भी विचार करने के निर्देश दिए हैं।

# जाम की समस्या से वाहन चालक परेशान

*पुलिस कर्मियों की तैनाती संख्या बढ़ाने की मांग रखी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

खबडू रोड स्थित रेलवे फ्लाईओवर पर हर दिन सुबह और दोपहर के समय जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जाम की सबसे ज्यादा समस्या स्कूलों की छुट्टी और कार्यालयों के समय में होती है। जब बड़ी संख्या में वाहन एक साथ सड़क पर निकलते हैं। स्थानीय निवासियों और वाहन चालक सुरेश ,रणबीर, विकास, महेंद्र का कहना है कि सुबह के समय जब बच्चे स्कूल जाते हैं और दोपहर को छुट्टी के समय जब वे लौटते हैं।



**गन्नौर।** खबडू रोड पर दोनों तरफ लगा वाहनों का जाम, लगी हुई लंबी लाइन।

**वाहनों की लंबी कतारें**

तब फ्लाईओवर पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। कई बार तो जाम इतना गंभीर हो जाता है कि लोगों को 10 से 15 मिनट सेबी अधिक का समय लग जाता है। इससे न केवल छात्रों और अभिभावकों को परेशानी होती है। वाहन चालकों ने प्रशासन से मांग की है कि फ्लाईओवर पर सुबह और दोपहर के समय ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की स्थायी ड्यूटी व संख्या बढ़ाई जाए । ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि फ्लाईओवर का मार्ग संकरा है और दोनों ओर से वाहन एक साथ आने के कारण स्थिति और बिगड़ जाती है। कई बार छोटे वाहन, स्कूल बसें और ट्रैक्टर-ट्रॉली एक साथ फंस जाते हैं, जिससे पूरे मार्ग पर अव्यवस्था फैल जाती है।



**तैनाती बढ़ाएंगे**

इस विषय पर जब गन्नौर थाना प्रभारी धीरज से बात की गई तो उन्होंने बताया कि "फ्लाईओवर पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मियों की ड्यूटी पहले से लगाई गई है। फिर भी यदि किसी समय जाम की स्थिति उत्पन्न होती है, तो हम अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की तैनाती करेंगे, ताकि आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े। स्कूल समय के अनुसार पुलिस कर्मियों की ड्यूटी का पुनः निर्धारण किया जाएगा और आवश्यकतानुसार ट्रैफिक नियंत्रण व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

### बलि की भक्ति से प्रसन्न हो भगवान ने पाताल लोक का राजा बनाया

**खरखौदा।** बुच्चेश्वर मंदिर में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक डॉ विष्णु दत्त बिरधाना ने बताया कि सूर्यवंश में इक्ष्वाकु के वंशजों में कई महान राजा हुए। उनमें राजा दिलीप, राजा मांधाता, राजा रघु, और आगे चलकर भगवान श्रीराम हुए। रघु के कारण इस वंश को रघुवंश कहा गया। इन राजाओं का जीवन धर्म, दया और त्याग का प्रतीक है। उन्होंने राजा रघु की कथा का जिक्र करते बताया कि राजा रघु अपनी सत्यप्रतिज्ञा और दानशीलता के लिए प्रसिद्ध थे। उन्होंने अश्वमेध यज्ञ किया, जिससे देवगण प्रसन्न हुए। राजा अम्बरीष और दुर्वासा ऋषि की कथा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राजा अम्बरीष भगवान विष्णु के अनन्य भक्त थे। एक बार वे एकादशी व्रत कर रहे थे। व्रत का पालन करने के समय ऋषि दुर्वासा आए। राजा ने ऋषि के आने का सम्मान किया, परंतु समय निकलने पर उन्होंने व्रत पूर्ण करने के लिए केवल तुलसी जल ग्रहण किया।



**खरखौदा।** भागवत कथा श्रवण करते श्रद्धालु। *फोटो :हरिभूमि*



**गोहाना।** विजेता खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

### खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**गोहाना।** शैक्षणिक खंड गोहाना की खेल प्रतियोगिताओं में बाल खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन खेलों में कक्षा तीसरी से कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। खेलों के नोडल अधिकारी प्राचार्य सतेंद्र दहिया रहे। संयोजक प्राचार्य राजेश दूहन और अनिता दूहन थे। शनिवार को विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। खंड स्तरीय खेलों में लड़कियों की खेल प्रतियोगिताओं में 400 मीटर रिले दौड़ में अनुया, पीहू, निधि और अवनी की टीम प्रथम रही। खुशी, मानवी, पावनी और उरवी की टीम द्वितीय जबकि यशिका, भारती, किरण और रितिका की टीम तृतीय स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में गुंजन ने प्रथम, अनुया ने द्वितीय और वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में गुंजन, पीहू और प्रियांशी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ में पावनी ने प्रथम, वंशिका ने द्वितीय और जानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### विधायक ने किया रोहणा में प्राकृतिक खेती का शुभारंभ

**खरखौदा।** गाँव रोहणा के राजपाल दहिया नम्बरदार के खेत पर प्राकृतिक तरीके से गेहूँ की बिजाई कर प्राकृतिक कृषि की शुरुआत की गई। पवन खरखौदा ने स्वयं ट्रैक्टर चलाकर बीजामृत से बीज उपचार करवा कर गेहूँ की बिजाई की। गांव रोहणा व आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने प्राकृतिक कृषि का प्रशिक्षण भी लिया। विधायक खरखौदा ने किसानों को सम्बोधित करते कहा कि खेती में रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग ने खाद्यान्न को जहरीला बना दिया है, जमीन को बंजर कर दिया है। कैंसर, हृदयघात जैसी जानलेवा बीमारियां बढ़ रही हैं। पर्यावरण बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है। अब बगैर रसायनों के जहरमुक्त प्राकृतिक खेती करना अनिवार्य हो गया है। सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। देशी गाय खरीदने के लिए 30,000 अनुदान, किसान को निःशुल्क प्रशिक्षण, प्रदर्शनी प्लाट पर 4000/- रुपये प्रति एकड़ जैसी सुविधाएं दी जा रही।



**खरखौदा।** प्राकृतिक खेती के श्रीगणेश की औपचारिक घोषणा करते विधायक।

# ठेका सफाई कर्मचारियों का धरना 24वें दिन भी जारी

*एक नवंबर से भूख हड़ताल का ऐलान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच संबंधित मूलनिवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग बली सेना यूनियन का नगर निगम में 24 वें दिन भी धरना जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की और संचालन प्रदेश कार्यकारणी सदस्य मुकेश कर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि आज धरने को 24 दिन हो गये हैं शासन व प्रसासन कोई भी सुध नहीं ले रहा हैं। आज भी कर्मचारियों की छंटनी की जा रही और उनको बदले की भावना से नोकरी से हटाया जा रहा है और समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा हैं। अगर ऐसे ही चलता रहा तो 1 नवंबर को हटाए हुए कर्मचारी कार्मिक भूख हड़ताल पर चले जाएंगे। जिसकी पूर्ण रूप जिमेवारी शासन व प्रसासन की होगी। आज धरने पर रविंदर, अनिल, सावन कुमार, कश्मीरी, टेकराम, सोमी, इंदरजीत, सुमित, सुनीता, माया, सुषमा, अंजू, निशा आदि मौजूद रहे।

**ग्राम पंचायत बिन्धरोली, राई (सोनीपत)**

**नीलामी सूचना**

आप सभी आमजन को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिन्धरोली खंड राई, जिला सोनीपत अपने गांव बिन्धरोली की शिव चौक वाली चौपाल के कंडम सामान की खुली बोली दिनांक 29.10.2025 को गांव की सामान्य चौपाल में प्रातः 10:00 बजे करवाना चाहती है तथा बोली की शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी। इच्छुक व्यक्ति निश्चित समय व स्थान पर पहुंचे।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत बिन्धरोली
ब्लॉक राई (सोनीपत)

**सुविधा** अंतरराष्ट्रीय समागम : संगत के लिए रेलवे ने बढ़ाई सुविधाएं

गांव भोड़वाल माजरी के पास 31 अक्तूबर से 3 नवंबर तक आयोजन होगा

# संत निरंकारी समागम के लिए रेलवे का तोहफा कोटा से पानीपत के बीच स्पेशल ट्रेन चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अंतरराष्ट्रीय संत निरंकारी समागम के अवसर पर उत्तर रेलवे ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खास इंतजाम किए हैं। समागम के शुभारंभ और समापन के दिनों में यानी 30 अक्तूबर और 4 नवंबर को राजस्थान के कोटा से सोनीपत होते पानीपत तक स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा। इस ट्रेन का ठहराव मार्ग में 10 प्रमुख स्टेशनों पर ही रहेगा, जिससे समागम में आने वाली संगत के साथ-साथ अन्य यात्रियों को भी राहत मिलेगी।

**आवागमन में सुविधा मिलेगी**

रेलवे ने ट्रेनों में बढ़ने वाली भीड़ व निरंकारी संत समागम को लेकर स्पेशल ट्रेन के परिचालन का निर्णय लिया है। स्पेशल ट्रेन के परिचालन से संगत व यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। ट्रेन का मार्ग में 10 प्रमुख स्टेशनों पर दो मिनट का ठहराव रहेगा। *हिमांशु शेखर उपाध्याय, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे*

**सहायता केंद्र लगाए जाएंगे**

78वां अंतरराष्ट्रीय संत निरंकारी समागम सोनीपत के गांव भोड़वाल माजरी के पास 31 अक्तूबर से 3 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी हजारों श्रद्धालु इस भव्य समागम में हिस्सा लेने पहुंचेंगे। आयोजन स्थल पर तैयारियां जोरों पर हैं। हरियाणा, दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश के साथ-साथ कई अन्य राज्यों की संगत दिन-रात तैयारी में जुटी है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यात्रा के दौरान सुरक्षा, सफाई और सुविधा को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। समागम के दिनों में अतिरिक्त स्टाफ और सहायता केंद्र भी लगाए जाएंगे ताकि असुविधा न हो।

**इन स्टेशनों पर होगा ठहराव**

सामान्य बोगी वाली स्पेशल ट्रेन संख्या 09801 कोटा से दोनों दिन सुबह 6:25 बजे अपनी यात्रा प्रारंभ कर दोपहर 3:32 बजे सोनीपत के रास्ते 4:40 बजे पानीपत स्टेशन पर पहुंचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 09802 का पानीपत स्टेशन से रात 9:15 बजे यात्रा प्रारंभ कर 10:00 बजे सोनीपत के रास्ते अगले दिन सुबह 7:30 बजे कोटा स्टेशन पर यात्रा संपन्न करेगी। मार्ग में दोनों ट्रेनों का लखेरी स्टेशन, सवाई माधोपुर जंक्शन, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, बयाना, भरतपुर, मथुरा जंक्शन, नई दिल्ली स्टेशन, सोनीपत व भोड़वाल माजरी स्टेशन पर ठहराव रहेगा।

**34 जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों का अस्थायी ठहराव**

रेलवे की ओर से समागम के दौरान आने-जाने वाली संगत की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 6 अक्तूबर से 7 नवंबर तक भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन पर 34 जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों का अस्थायी ठहराव किया गया है। इनमें आम्रपाली एक्सप्रेस, गीता जयंती एक्सप्रेस, जनशताब्दी, जम्मू मेल, संभलपुर और जम्मूतवी एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनें शामिल हैं। इसके बावजूद बढ़ती भीड़ और यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने 30 अक्तूबर और 4 नवंबर को दो विशेष ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें कोटा से चलकर सोनीपत, मुरथल, गन्नौर होते हुए पानीपत तक पहुंचेंगी।



**सोनीपत।** प्रभातफेरी के दौरान महिला मंडली एवं अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

### दो नवंबर को होगा तुलसी-शालिग्राम विवाह

**सोनीपत।** मंदिर श्री ठाकुर द्वारा कल्याण नगर की महिला मंडली ने कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की विनायक चतुर्थी से प्रभातफेरियों का शुभारंभ किया। प्रधान पवन तनेजा ने तुलसी पूजा-अर्चना व ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। पवन ने बताया कि मंदिर श्री ठाकुर द्वारा से 2 नवंबर को देव उठायनी एकादशी के दिन शालिग्राम की बारात निकाली जाएगी तुलसी शालिग्राम का विवाह पूरे विधि-विधान से किया जाएगा।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधान सचिव हरियाणा सरकार विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा, चण्डीगढ़ के पत्र क्रमांक 81-SBM(G) MEC-B-2018/23796 दिनांक 09.04.2018 के आदेशानुसार वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर ग्राम पंचायत कथूरा में एक रिक्त पद (सफाई कर्मचारी की मृत्यु होने के उपरान्त) पर सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की जानी है। जिसके लिए दिनांक 25.10.2025 से दिनांक 29.10.2025 शाम 5:00 बजे तक खण्ड कार्यालय कथूरा में आवेदन पत्र लिये जाएंगे तथा सफाई कर्मचारी की नियुक्ति हेतु दिनांक 30.10.2025 को प्रातः 10:00 बजे चयनित कमेटी द्वारा साक्षात्कार खण्ड कार्यालय कथूरा में लिया जायेगा। उक्त पद के लिए निम्नलिखित योग्यताएं वांछित हैं।

1. गांव का स्थाई निवासी हो।
2. आवेदक की आयु 18 से 55 के बीच हो।
3. आवेदक शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं कार्य करने में सक्षम हो।

आदेशानुसार,
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, कथूरा

## खबर संक्षेप



### शिव मंदिर के स्थापना दिवस पर हवन व पूजा

**गोहाना।** शनिवार को शहर के उतम नगर में धर्मशाला वाली गली के पास स्थित शिव मंदिर का 7वां स्थापना दिवस मनाया गया। समारोह में श्रद्धालुओं ने हवन में मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली और भगवान शिव की पूजा-अर्चना करके मन्नतें मांगी। सेन धर्मशाला के पूर्व अध्यक्ष सोमपाल सेन व आजाद से की देखरेख में 6 वर्ष पूर्व इस शिव मंदिर का निर्माण करवाया गया था। पूरे उतम नगर में यह एकमात्र शिव मंदिर है जिसमें भक्तों की भीड़ लगी रहती है। शनिवार को मंदिर के स्थापना दिवस पर हवन करवाया गया। हवन मंदिर के पुजारी सोनू शांडिल्य ने करवाया जिसमें श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली। मुख्य यज्ञमान विजय चौहान व उनकी अर्धांगिनी सुमन देवी रहे। हवन में सोमपाल सेन, शेर सिंह बेडवाल, सुभाष भट्टी, बबलू प्रधान, आजाद, सरोज, सतीश भण्डेरी, कुलदीप शर्मा, सुरेश गुप्ता व कृष्ण फरमाणा सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने हवन में आहुतियां डाली।

### एक्यूआई में मामूली गिरावट से राहत नहीं

**सोनीपत।** जिले में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में मामूली गिरावट जरूर दर्ज की गई, लेकिन हवा की गुणवत्ता अब भी 'खराब' श्रेणी में बनी हुई है। शुक्रवार को जिले का एक्यूआई 220 दर्ज किया गया था, जो शनिवार को घटकर 214 पर आ गया। हालांकि यह गिरावट आंशिक राहत के रूप में देखी जा रही है, लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्तर अभी भी खतरनाक सीमा के करीब है। लगातार खराब होती हवा से सांस और दमा के मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। जिले के सरकारी और निजी अस्पतालों में रोजाना ऐसे मरीजों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार, प्रदूषण के कारण सांस की तकलीफ, गले में खराश, आंखों में जलन और खांसी जैसी शिकायतें बढ़ रही हैं। बुजुर्गों और बच्चों को इससे सबसे अधिक दिक्कत हो रही है।

### किसानों को नहीं मिल रहे धान के उचित दाम : शर्मा

**गोहाना।** सीपीआइएम (माकपा) के जिला सचिव आनंद शर्मा ने कहा कि गोहाना की अनाज मंडी में किसानों को धान के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। सरकार द्वारा कहने को पीआर धान पर एमएसपी निर्धारित किया गया है लेकिन मंडी में इस भाव पर खरीद नहीं की जा रही है। शर्मा शनिवार को अपने साथियों के साथ मंडी का दौरा कर रहे थे। किसानों को कृति लागत के हिसाब से बासमती धान के उचित भाव नहीं मिल रहे हैं, जिससे किसान परेशान है।

## घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ होगा समापन

# नहाय खाय के साथ, आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ हुआ शुरू





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सूर्य उपासना और छठी मैया की आराधना का चार दिवसीय महापर्व छठ शनिवार से श्रद्धा और भक्ति के साथ शुरू हो गया। सुबह से ही यमुना नदी के तटों और शहर के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। व्रती महिलाओं ने पवित्र स्नान कर व्रत की शुरुआत की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। नगर निगम ने घाटों पर सफाई और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

पहले दिन 'नहाय-खाय' के रूप में मनाए जाने वाले इस पर्व में महिलाएं और पुरुष पवित्र जल से स्नान कर व्रत की शुरुआत करते हैं। इसके बाद प्रसाद के रूप में शुद्ध भोजन ग्रहण किया जाता है। शाम के समय श्रद्धालु महिलाएं घाटों पर पहुंचकर डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य देंगी। वहीं, पर्व का समापन मंगलवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर किया जाएगा।

छठ पर्व उत्तर भारत के कई राज्यों, विशेषकर बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और हरियाणा में आस्था और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। इसे सूर्य षष्ठी, डाला छठ और छठी मैया के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व 36 घंटे के निर्जला व्रत के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें व्रती ढलते और उगते सूर्य को जल अर्पित कर धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

डा. मनमोहन मिश्रा ने बताया कि छठ पर्व का प्रत्येक दिन विशेष धार्मिक महत्व रखता है। पहले दिन नहाय-खाय के बाद दूसरे दिन खरना मनाया जाएगा, जिसमें व्रती निर्जला उपवास रखते हुए शाम को गुड़ की खीर और घी की रोटी का प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके बाद व्रती अगले दिन तक अन्न और जल का त्याग करते हैं। तीसरे दिन संध्या अर्घ्य का आयोजन होगा, जब श्रद्धालु महिलाएं घाटों पर सूर्यास्त के समय डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी। चौथे दिन ऊषा अर्घ्य के अवसर पर व्रती उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का समापन करेंगी।

### घाटों की साफ सफाई के किए विशेष प्रबंधक

नगर निगम और जिला प्रशासन ने घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे श्रद्धा और संयम के साथ पर्व मनाएं तथा जल प्रदूषण से बचने के लिए प्लास्टिक सामग्री का उपयोग न करें। घाटों पर आस्था और भक्ति का माहौल बना हुआ है।

## छठ महापर्व : 2 लाख रुपये की लागत से बनेगा घाट



**गोहाना।** छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आदर्श नगर की गली नंबर 3 के अंतिम छोर पर छठ पूजा घाट का निर्माण करवाया जा रहा है। घाट के निर्माण पर 2 लाख रुपये खर्च होंगे। इस घाट पर श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे। शनिवार को नगर परिषद (नप) की चेयरपर्सन रजनी विरमानी छठ पूजा घाट का निरीक्षण किया।

चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने छठ महापर्व से पहले छठ पूजा घाट का निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाट पर सफाई और प्रकाश व्यवस्था प्रबंध समय पर पूर्ण किए जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व हमारी आस्था, संस्कृति और प्रकृति संरक्षण का प्रतीक है। इसलिए नगर परिषद का दायित्व है कि श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर वार्ड के पार्षद मुकेश देवगन, कार्यकारी अभियंता राहुल पूनिया और जेई अजय उपस्थित रहे।



गन्नौर। फेस्टिवल कप सीजन-4" का फाइनल मुकाबला की विजेता टीम को सम्मानित करते मुख्य अतिथि ।

## यूनिक क्रिकेट टीम ने फेस्टिवल कप सीजन-4 पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- गन्नौर लीजेंड्स को 7 विकेट से हराया

यूनिक क्रिकेट स्टेडियम, शेखपुरा (गन्नौर) में फेस्टिवल कप सीजन-4" का फाइनल मुकाबला के फाइनल मैच में यूनिक क्रिकेट स्टेडियम टीम, गन्नौर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गन्नौर लीजेंड्स टीम को 7 विकेट से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

फाइनल मुकाबले में गन्नौर लीजेंड्स टीम के कप्तान दिनेश धनखड़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने ललित त्यागी (55 रन, 29 गेंद) और अनिकेत धनखड़ (42 रन, 29 गेंद) की शानदार पारियों की बदौलत निर्धारित ओवरों में 174 रन का मजबूत लक्ष्य खड़ा किया। यूनिक टीम के गेंदबाज रवींद्र मास्टर ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 18 रन देकर 4 विकेट झटके और विपक्षी बल्लेबाजी क्रम को झकझोर दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूनिक क्रिकेट स्टेडियम टीम ने शानदार शुरुआत की। टीम के सलामी बल्लेबाज सतपाल सैनी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 66 रन (39 गेंद) बनाए, वहीं रवींद्र मास्टर ने अपनी सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंड क्षमता दिखाते हुए नाबाद 50 रन (39 गेंद) जोड़े। मोनू त्यागी ने भी नाबाद 28 रन बनाकर टीम को 14 गेंद शेष रहते जीत दिला दी। जितेन्द्र कौशिक ने 2 और हरपाल मलिक ने 1 विकेट अपने नाम किया। पूरी श्रृंखला में ललित त्यागी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 179 रन बनाए और उन्हें बेस्ट बैट्समैन ऑफ द सीरीज चुना गया। अनिल मोंगिया 171 रनों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अपनी शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी के दम पर रवींद्र मास्टर को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज दोनों का पुरस्कार मिला। अजय गोयल को बेस्ट बॉलर ऑफ द सीरीज, जबकि अजय डीपी और विजय राणा को बेस्ट फील्डर घोषित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में अजय गोयल और दीपक मलिक वकील ने विजेता टीम के कप्तान दीपक गोयल को ट्रॉफी प्रदान की।

## दस्तावेजों की कमी लाडो लक्ष्मी पर पड़ रही भारी

- दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना में अड़चन : 70 फीसदी से ज्यादा महिलाओं के दस्तावेज अधूरे, पंजीकरण में आ रही दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई हरियाणा सरकार की दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना जिले में दस्तावेजों की कमी के कारण अटकती नजर आ रही है। जिले की करीब 70 फीसदी महिलाएं पात्र होने के बावजूद योजना में पंजीकरण नहीं करा पा रही हैं क्योंकि उनके आवश्यक दस्तावेज अधूरे हैं। प्रशासन की ओर से ग्राम सचिवों और पटवारियों को गांव-गांव भेजा गया है ताकि पात्र महिलाओं से संपर्क कर उनका पंजीकरण करवाया जा सके, लेकिन अधूरे कागजात के चलते यह प्रक्रिया धीमी पड़ गई है।

मुख्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, जिले में इस योजना के लिए कुल 44,533 महिलाएं पात्र हैं। सरकार की सूची के अनुसार, ग्राम सचिव और पटवारी गांवों में जाकर महिलाओं से संपर्क कर रहे हैं और दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। जांच के दौरान पाया गया कि अधिकांश महिलाओं के पास जरूरी दस्तावेज नहीं हैं, जिसके कारण उनका पंजीकरण नहीं हो पा रहा है। प्रशासन के मुताबिक अब तक केवल करीब 5,000 महिलाओं का ही पंजीकरण पूरा हो सका है। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि जिन महिलाओं के दस्तावेज अधूरे हैं, उन्हें जल्द से जल्द कागजात पूरे करने की सलाह दी जा रही है। ग्राम सचिव और पटवारी घर-घर जाकर पात्र महिलाओं को योजना से जुड़ी जानकारी दे रहे हैं ताकि वे दस्तावेज पूरे कर पंजीकरण करा सकें।

### सबसे बड़ी कमी रिहायशी प्रमाण पत्र की

दस्तावेजों में सबसे बड़ी कमी रिहायशी प्रमाणपत्र की पाई गई है। कई महिलाओं के पास यह प्रमाणपत्र नहीं है, जिससे वे अपनी निवास पहचान साबित नहीं कर पा रही हैं। इसके अलावा, जिन महिलाओं के माता-पिता का निधन हो चुका है, उनके पास मृत्यु प्रमाणपत्र भी नहीं है। वहीं, कई मामलों में आधार कार्ड और बैंक खाते में नामों में असमानता पाई गई है, जिससे तकनीकी बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं।

## राजकीय उच्च विद्यालय में चोरों ने लगाई सेंध

**गोहाना।** गांव मिर्जापुर खेड़ी स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में चोरों ने सेंध लगा दी। चोर तोड़ कर बैट्री, सीपीयू व अन्य सामान चोरी कर ले गए। मुख्याध्यापक जितेंद्र की शिकायत पर बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। स्कूल में गुरुवार रात को चोरी की गई। चोरों ने मुख्य दरवाजे व अन्य कमरों के कई ताले तोड़े। अगले दिन स्टाफ सदस्य स्कूल पहुंचे तो चोरी का पता चला। चोर कम्प्यूटर लैब से 14 बैट्री, एक सीपीयू, माउस, कीपैड चोरी चोरी कर ले गए। लिपिक कक्ष में अलमारियों में रखे दस्तावेजों से भी छेडख़ानी की गई।

## आज सिसाना गांव पहुंचेगी कुशाल दहिया बलिदान स्मृति यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



अमर बलिदानी चौधरी कुशाल सिंह दहिया के 350 वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 14 नवंबर को बढ़खालसा गांव में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेशभर से श्रद्धालु और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होंगे। समारोह की तैयारी को लेकर बलिदान स्मृति यात्रा निकाली जा रही है, जो रविवार को सिसाना गांव स्थित दहिया खाप के चबूतरे पर पहुंचेगी और लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता देगी। यह जानकारी देते हुए डॉ. अनिल दहिया ने कहा कि भारत की धरती सदा से उन वीरों की जन्मभूमि रही है जिन्होंने धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इन्हीं में से एक हैं सोनीपत जिले के बढ़खालसा (गढ़ी दहिया) गांव के वीर बलिदानी चौधरी कुशाल सिंह दहिया, जिन्होंने 17 वीं सदी में गुरु तेग बहादुर जी के पवित्र शीश की रक्षा के लिए अपना शीश अर्पित कर इतिहास में अमर स्थान प्राप्त किया। 24 नवंबर 1675 को दिल्ली के चांदनी चौक में मुगल औरंगजेब के आदेश पर गुरु तेग बहादुर जी का शीश कलम कर दिया गया था। उनके परम शिष्य भाई जैता जी गुरु जी का पवित्र शीश लेकर आनंदपुर साहिब की ओर बढ़ रहे थे, परंतु मुगल सैनिक उनके पीछे लगे हुए थे। रास्ते में वे गढ़ी कुशाली (बढ़खालसा) गांव पहुंचे, जहां चौधरी कुशाल सिंह दहिया ने धर्म की रक्षा के लिए अपना शीश अर्पित कर अद्वितीय बलिदान दिया। उनका चेहरा गुरु तेग बहादुर जी से काफी मिलता-जुलता था, इसलिए उन्होंने कहा कि यदि मेरा शीश गुरु जी के स्थान पर दिया जाए तो मुगल सेना भ्रमित हो जाएगी और गुरु जी का शीश सुरक्षित आनंदपुर साहिब पहुंच जाएगा। इस असाधारण त्याग ने भारतीय इतिहास में धर्म, मानवता और वीरता की अमर मिसाल कायम की।

## आठवें वेतन आयोग का शीघ्र गठन करे सरकार : अशोक



**गोहाना।** आल हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक खोखर ने 8वें वेतन आयोग के गठन में देरी पर नाराजगी जताई। प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार से आयोग के शीघ्र गठन की मांग की है ताकि कर्मचारियों को समय पर इसका लाभ मिल सके। अशोक खोखर ने कहा कि 1 जनवरी 2026 से 8वें वेतन आयोग की रिपोर्ट लागू होनी है। अब तक सरकार द्वारा आयोग के चेयरमैन और सदस्यों की घोषणा नहीं की गई है। ऐसे में जितनी देरी से आयोग का गठन होगा इसकी रिपोर्ट भी देरी से लागू होगी और कर्मचारियों समय पर इसका लाभ नहीं मिल सकेगा। संघ के राज्य महासचिव प्रताप भनवाला ने कहा कि आयोग गठन गठन के बाद एक से डेढ़ वर्ष रिपोर्ट तैयार करने में लग सकता है। ऐसे में सरकार समय पर इसके गठन की घोषणा करे।

## धार्मिक स्थल बाबा देवता पर लगा भंडारा

**गन्नौर।** नगरपालिका रोड स्थित धार्मिक स्थल बाबा देवता पर सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पहले हवन यज्ञ किया गया। जिसमें मुख्य यजमान के तौर पर हरिप्रकाश शर्मा व उनकी धर्मपत्नी ने आहूति डाली। मंगलू शर्मा ने बताया कि मुदगल परिवार के बाबा देवता में काफी लोगों की आस्था है। उन्होंने कहा कि जो भी यहां सच्ची श्रद्धा के साथ अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचता उसकी सभी मन्नतें पूरी होती हैं। इसलिए यह धार्मिक स्थल पर दूर से दूर से श्रद्धालू पहुंचते और उनका आर्शीवाद प्राप्त करते हैं।



### श्रद्धालुओं ने बाबा का आशीर्वाद लिया

यहां हर वर्ष सामुहिक रूप से भंडारा आयोजित किया जाता है। उन्होंने ने कहा कि किसी भूखे का भोजन कराने से देवी देवता प्रसन्न होते है और उनकी विशेष कृपा होती है। इस दौरान काफी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा देवता के स्थान पर पुष्पार्पित कर उनका आशीर्वाद लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अंबर सदन ने बाजी मारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जेपी डीएवी पब्लिक स्कूल में खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों अंबर, अग्नि, पृथ्वी और वायु ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला अंबर सदन और अग्नि सदन के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले में अंबर सदन ने बेहतर रणनीति और तालमेल के बल पर जीत दर्ज की। इसके बाद दूसरा मुकाबला पृथ्वी सदन और वायु सदन के बीच हुआ, जिसमें पृथ्वी सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की।

फाइनल मुकाबला अंबर सदन और पृथ्वी सदन के बीच हुआ, जो बेहद रोमांचक और प्रतिस्पर्धी रहा। दोनों टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांच से भर दिया, परंतु निर्णायक क्षणों में अंबर सदन के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल के दम पर 8 अंकों के अंतर से विजेता बनने का गौरव हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने विजेता टीम अंबर सदन के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना का विकास होता है।

## बैंड-एड गतिविधि में बच्चों ने सीखा प्राथमिक उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कक्षा बाल वाटिका-1 से कक्षा 2 तक के छात्रों के लिए बैंड-एड गतिविधि का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों को प्राथमिक उपचार के महत्व और उसकी सही प्रक्रिया से अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के चिकित्सा अधिकारी ने छात्रों को बैंड-एड के उपयोग और उसकी आवश्यकता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि बैंड-एड का प्रयोग छोटे-मोटे घावों या चोटों को ढकने के लिए किया जाता है, ताकि घाव साफ और सुरक्षित रहें। उन्होंने बताया कि बैंड-एड लगाने से घाव में धूल-मिट्टी या संक्रमण के प्रवेश की संभावना कम होती है और वह जल्दी भर जाता है। चिकित्सा अधिकारी ने बच्चों को बैंड-एड लगाने की सही विधि भी सिखाई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने इस गतिविधि की सराहना की। कार्यक्रम में सभी छात्रों ने व्यावहारिक रूप से बैंड-एड लगाने का अभ्यास किया।



स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कक्षा बाल वाटिका-1 से कक्षा 2 तक के छात्रों भाग लेते हुए ।

## पीएम 'मन की बात' कार्यक्रम से करेंगे देशवासियों से संवाद : पुनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

भाजपा युवा नेता एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 अक्तूबर रविवार को सुबह 11 बजे अपने लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के माध्यम से देशवासियों से संवाद करेंगे। पुनीत राई ने बताया कि 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री मोदी देश के कोने-कोने में रहने वाले नागरिकों से जुड़ते हैं और समाज, युवा शक्ति, महिलाओं, किसानों तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा करते हैं। यह कार्यक्रम हर बार जनता को नई प्रेरणा, नई दिशा और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। पुनीत राई ने कहा कि कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ परिवारों के साथ सामूहिक रूप से 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनेंगे। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री का प्रत्येक संदेश देश की एकता, विकास और आत्मनिर्भरता की भावना को सशक्त बनाता है।

## लाडो लक्ष्मी योजना के लिए विशेष कैंप का आयोजन, महिलाओं ने कराया रजिस्ट्रेशन

**गन्नौर ।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई लाडो लक्ष्मी योजना के तहत शनिवार को नगर पालिका कार्यालय गन्नौर में विशेष कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप नगर पालिका सचिव प्रदीप खरब के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें नगर पालिका कार्यालय के सभी कर्मचारी महिलाओं के रजिस्ट्रेशन कार्य में जुटे रहे। कैंप में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। नगर पालिका कर्मियों ने महिलाओं को योजना से जुड़ी जानकारी दी और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में सहयोग किया। सचिव प्रदीप खरब ने बताया कि जिला उपायुक्त के निर्देशानुसार शनिवार को उक्त कैम्प का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि लाडो लक्ष्मी योजना का उद्देश्य समाज की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़कर सशक्त बनाना है।

